DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

**Railway line extension project from Ambikapur to Renukoot**

**श्री राम विचार नेताम** (छत्तीसगढ़) : उपसभापति महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर को रेनुकूट व कोरबा रेल लाइन के माध्यम से जोड़ा जाना है, इस परियोजना हेतु 3 सर्वेक्षण किये गये हैं। अंबिकापुर से रेनुकूट व कोरबा रेल मार्ग को जोड़ने की मांग लगातार सरगुजावासियों की रही है। कोरबा से रेनुकूट-अंबिकापुर रेल लाइन विस्तार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों के लिए वरदान साबित होगी। इस रेल लाइन के विस्तार से प्रदेश की राजधानी समेत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र तक रेल लाइन द्वारा सीधी पहुंच हो जाएगी। अंबिकापुर से रेनुकूट चोपन होते हुए इलाहाबाद, बनारस व राजधानी दिल्ली तक मुख्य मार्ग से जुड़ाव के साथ-साथ बनारस होते हुए बिहार व पूर्वोत्तर भारत तक पहुंच हो सकेगी, वहीं दूसरी ओर कोरबा, बिलासपुर होते हुए ओडिशा, महाराष्ट्र तक सीधी पहुंच होगी। महोदय, इस परियोजना के विस्तार से सरगुजा संभाग के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यापार में अत्यंत लाभ मिलेंगे। इस रेल लाइन के प्रारंभ होने से कुछ ही घंटो में सरगुजा संभाग के लोगों को एम्स, बीएचयू, अपोलो, पीजीआई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में तैयारी कर रहे उच्च शिक्षा के छात्रों को भी अत्यधिक लाभ होगा। सरगुजा संभाग में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक खनिज, कोयला व बाक्साइट मौजूद है। औद्योगिक केंद्र व प्लांट में यहाँ से खनिज सड़क मार्ग से भेजा जाता है, किन्तु रेल विस्तार होने से कम खर्च व कम समय में परिवहन की सुविधा मिलेगी, साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन केन्द्रों का भी जुड़ाव होगा।

**श्रीमती फूलो देवी नेतम** (छत्तीसगढ़) : महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करती हूं।

**श्रीमती छाया वर्मा** (छत्तीसगढ़) : महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करती हूं।

SHRI ABIR RANJAN BISWAS (West Bengal): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. SANTANU SEN (West Bengal): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.